# ‘हम सब मिलकर बनाएंगे आत्मनिर्भर और विकसित भारत’

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

‘मेक इन इंडिया’ के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पिछले एक दशक से उन सभी लोगों के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जो इसे सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी लोगों को बधाई देता हूं जो पिछले एक दशक से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। ‘मेक इन इंडिया’ हमारे देश को विनिर्माण और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। पीएम मोदी ने कहा कि यह उल्लेखनीय है कि विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात कैसे बढ़ा है, क्षमताएं निर्मित हुई हैं और इस प्रकार से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। भारत सरकार हर संभव तरीके से ‘मेक इन इंडिया’ को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुधारों में भारत की प्रगति भी जारी रहेगी।



हम सब मिलकर एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे! वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने विनिर्माण में भारत की जबरदस्त क्षमता को उजागर किया है।

आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के साथ, हमारा देश विनिर्माण में अग्रणी और निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिससे हमारे युवाओं के लिए अवसरों की दुनिया बन गई है।

आपको बता दें कि ‘मेक इन इंडिया’ अभियान का उद्देश्य भारत को विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है, ताकि रोजगार के नए अवसर पैदा हो और देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। सरकार ने इस अभियान के तहत, स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कई नीतियां लागू की हैं।

## महालक्ष्मी के मर्डर में अब नया ऐंगल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के महालक्ष्मी केस की जांच जारी है। अपराध का मास्टरमाइंड अशरफ नाम के शख्स को माना जा रहा है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। इसी बीच खबरें हैं कि महिला की हत्या का मुख्य संदिग्ध उसके साथ ही काम करने वाला एक शख्स हो सकता है। हालांकि, इसे लेकर पुलिस ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। कर्नाटक की राजधानी में महिला की लाश 50 से ज्यादा टुकड़ों को फ्रिज में रखा गया था। अब तक पुलिस ने महिला के सहकर्मी की पहचान सार्वजनिक नहीं की है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि बेंगलुरु पुलिस ने पुलिस ने महालक्ष्मी के साथ काम करने वाले एक शख्स को 'मुख्य संदिग्ध' माना है, जिसकी पहचान मुक्ति के रूप में की गई है। दोनों साथ काम करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का यह भी कहना है कि मुक्ति ने किसी अन्य व्यक्ति के साथ महिला के करीबी रिश्ते होने का विरोध किया था।

# ‘मोदी सरकार ने देश के किसानों से किए तीन वादे तोड़े’

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश में अपने निर्वाचन क्षेत्र मंडी में BJP सांसद कंगना रनौत के ‘कृषि कानून वापस लाने’ वाले बयान से राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी और पीएम मोदी (PM Modi) पर निशाना साधा है। खरगे ने ट्वीट कर मोदी को किसानों से किए गए वादे याद दिलाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने X पर लिखा को गाड़ी के नीचे कुचलवाने वाली मोदी सरकार ने हमारे अन्नदाता के लिए कंटीले तार, ड्रोन से आँसू गैस, कीले और बंदूक़ें सबका इस्तेमाल किया, ये भारत के 62 करोड़ किसान कभी भूल नहीं पाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने X पर लिखा, ‘750 किसानों की शहादत के बाद भी किसान विरोधी भाजपा



और मोदी सरकार को अपने घोर अपराध का अहसास नहीं हुआ। तीन काले किसान-विरोधी क़ानूनों को फिर से लागू होने की बात की जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है। किसानों को गाड़ी के नीचे कुचलवाने वाली मोदी सरकार ने हमारे अन्नदाता के लिए कँटीले तार, ड्रोन से आँसू गैस, कीले और बंदूक़ें सबका इस्तेमाल किया, ये भारत के 62 करोड़ किसान कभी भूल नहीं पाएंगे। इस बार हरियाणा समेत सभी चुनावी राज्यों से किसानों पर ख़ुद प्रधानमंत्री द्वारा संसद में किसानों को आंदोलनजीवी और परजीवी की अपमानजनक टिप्पणी का करारा जवाब मिलेगा। शहीद किसानों के परिवारों कोई राहत नहीं दी गई, संसद में मोदी सरकार ने उनकी याद में दो मिनट का मौन रखना भी मुनासिब नहीं समझा और ऊपर से लगातार उनका चरित्र हनन जारी है।

# लेडी टीचर और गुरुजी के बीच जमकर चलीं सैंडल-चप्पलें

## ग्वालियर में सरकारी स्कूल का वीडियो वायरल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शिक्षक और लेडी टीचर के बीच सैंडल और चप्पलों की जमकर बरसात हुई है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। मैडम का आरोप है कि वॉशरूम जाते समय टीचर ने उसका वीडियो बनाने की कोशिश कर रहा था। अड़ूपुरा स्थित सरकारी स्कूल में छात्रों के सामने हाई वोल्टेज तमाशा हुआ। पुलिस में इस शर्मनाक मामले की शिकायत करते हुए शिक्षिका ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिक्षक और लेडी टीचर के बीच मारपीट के



इस वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। एमपी के ग्वालियर में सरकारी स्कूल में उस समय जमकर हंगामा हुआ जब एक लेडी टीचर और शिक्षक के बीच किसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हुई। दोनों के बीच बहसबाजी के बाद गाली-गलौच का दौर शुरू हुआ।

इससे पहले स्कूल में मौजूद शिक्षक और छात्र कुछ समझ पाते दोनों के बीच देखते ही देखते सैंडल और चपलों की बरसात शुरू हो गई है। दोनों ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। छात्रों के सामने स्कूल परिसर अखाड़ा बनता देख हर कोई हैरान रह गया। शिक्षक ने गुरुजी की शर्ट का कॉलर पकड़ लिया तो आक्रोशित गुरुजी शिक्षिको को धक्का देने में बिल्कुल भी पीछे नहीं रहे। दोनों के बीच मारपीट और गाली-गलोच का वीडियो देख हर कोई सन्न रह गया।

## केजरीवाल ने RSS प्रमुख को 5 सवालों की चिट्ठी भेजी



**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस RSS प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर पांच सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि जिस कानून के तहत लालकृष्ण आडवाणी को 75 पार होने पर सेवानिवृत्त किया गया, क्या वो पीएम मोदी पर लागू नहीं होगा? उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी ने जून 2023 में एक नेता पर 70 हजार के घोटाले का आरोप लगाया और कुछ दिन बाद उस नेता के साथ सरकार बना ली। यह सब देखकर आपको कष्ट नहीं होता?"

# मंदिरों पर सरकारी कब्जे के खिलाफ विहिप का अभियान




**नई दिल्ली।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी को लेकर पूरे देश में विवाद बढ़ा हुआ है। इसके बाद अब विश्व हिंदू परिषद यानी विहिप ने मंगलवार को देश भर के मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से छुड़ाने के के लिए एक अभियान की घोषणा की है। मंदिरों के प्रबंधन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विहिप ने कहा है कि सरकार द्वारा मंदिरों को अपने नियंत्रण में लेना मुस्लिम आक्रमणकारियों और अंग्रेजों की मानसिकता को दर्शाता है। विहिप ने यह भी कहा है कि अब मंदिरों का सरकारीकरण नहीं समाजीकरण होना चाहिए।संगठन द्वारा तिरुपति में संतों का एक सम्मेलन आयोजित करने और मंदिर बोर्ड द्वारा प्रसाद की पवित्रता को बहाल करने के लिए शुद्धिकरण अनुष्ठान किए जाने के एक दिन बाद विहिप ने यह घोषणा की है। मंगलवार को विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹सरकारें मंदिरों का इस्तेमाल उनकी संपत्ति लूटने और उन राजनेताओं को जगह देने के लिए कर रही हैं जिन्हें सरकार में जगह नहीं मिल पाई।₹ सुरेंद्र जैन ने कहा कि प्रसाद में जानवर की चर्बी के साथ मिलावट ने पूरे हिंदू समाज को नाराज कर दिया है। इस मौके पर विहिप ने दावा किया कि केरल के सबरीमाला जैसे कई अन्य मंदिरों से भी इस तरह की मिलावट की खबरें आ रही हैं।


**पिरामल**
कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस

**पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
CIN : U65910MH1984PLC032639
**पंजीकृत कार्यालय :** यूनिट नं. - 601, 6ठी मंजिल, अमिटी बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई - 400 070
**संपर्क व्यक्ति :** गुरविंदर सिंह गुजराल / बीनू कोरेम्बेथ. **वेबसाइट :** www.piramalfinance.com

**पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के पोर्टफोलियो की बिक्री/असाइनमेंट के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**

1. पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस (पीसीएचएफएल) अपनी वित्तीय परिसंपत्तियों (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों या ऋण बाधित परिसंपत्तियों, जिन्हें यहां और सार्वजनिक सूचना में **“गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों”** के रूप में संदर्भित) की **“स्विस चैलेंज विधि”** के तहत बेचा गया है) की बिक्री के लिए वर्तमान आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार उच्चतम बोली के समान बोली करने के अधिकार प्राप्त एकल बोलीकर्ता से, पीओएस के 44.5% के समतुल्य आईएनआर 200,34,93,901 करोड़ (भारतीय रूपये दो सौ करोड़ चौंतीस लाख तिरानबे हजार नौ सौ एक मात्र) के मूल्य प्रतिफल पर सम्पूर्ण खरीद के लिये गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की वर्तमान प्राप्त फर्म प्रस्ताव के आधार पर स्विस चैलेंज विधि अंतर्गत बिक्री करने हेतु असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनीज (एआरसी) / बैंक्स/वित्तीय संस्थान/एनबीएफसी से अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है.
2. बिक्री के लिए रखी गई गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का कुल बकाया का मूल मूल्य 31 अगस्त 2024 तक, 1779 मामलों हेतु लगभग आईएनआर 450,22,33,486 करोड़ (भारतीय रूपये चार सौ पचास करोड़ बाईस लाख तैंतीस हजार चार सौ छियासी मात्र) है.
3. कृपया ध्यान दें कि गैर-निष्पादित आस्तियों को परिसंपत्तियों के समूह के रूप में बेचा जाएगा. बिक्री सार्वजनिक सूचना दस्तावेज़ में निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाती है. योग्य इच्छुक आवेदक पीसीएचएफएल की वेबसाइट (www.piramalfinance.com) पर सार्वजनिक सूचना दस्तावेज़ों का अवलोकन कर सकते हैं.
4. गैर निष्पादित आस्तियों की बिक्री केवल **“एसआर आधार”** पर **“जहां है जैसा है’, ‘जो है जैसा है’** जो कुछ भी वहां है और **‘बिना रिकोर्स आधार आधार पर** की जाती है.
5. कोई भी इच्छुक पक्ष, सार्वजनिक सूचना दस्तावेज (वेबसाइट पर सूचीबद्ध) में निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के विवरण तक पहुंचने के लिए आशय पत्र और गैर-प्रकटीकरण समझौते को निष्पादित और वितरित करके और 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख भारतीय रुपये) की गैर-वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क का भुगतान करके अपनी रुचि व्यक्त कर सकता है.
6. पीसीएचएफएल के पास बिना कोई कारण बताए, उक्त बिक्री की शर्तों और नियमों में बदलाव, संशोधन या पूल आकार और संरचना में बदलाव करने और/या लेनदेन के किसी भी चरण में प्रस्तावित बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. इस संबंध में पीसीएचएफएल का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्णायक होगा.

कृपया ध्यान दें कि बिक्री पीसीएचएफएल द्वारा अंतिम अनुमोदन के अधीन होगी.
अधिक जानकारी के लिए, उपर्युक्त कार्यालय विवरण पर अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें.

**स्थान : मुंबई**
**दिनांक : 26.09.2024**
**कृते पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
**अधिकृत अधिकारी**


आईईए की सामाजिक कार्यों के लिए

## जिग्नेश हिम्मतलाल दोशी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्डस के तत्वावधान में ओनररी डॉक्टरेट कन्वोकेशन और क्राउन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल चार्टर्ड इनको (यूएसए) के तत्वावधान में 2024 : 25 और ९ वा इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्डस समारोह 23 सितंबर को मुंबई के होटल ताज पैलेस, कोलाबा में आयोजित हुआ था। इसमें डॉक्टरेट इन सोशल वर्क की उपाधि जिग्नेश हिम्मतलाल दोशी को प्रदान की गई थी. क्राउन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. रजत शर्मा के हस्ते यह उपाधि जिग्नेश हिम्मतलाल दोशी को प्रदान की गई। 50 वर्षीय जिग्नेश हिम्मतलाल दोशी 1996 से



सामाजिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं. वह जीवन ज्योत कल्याण ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं. ऑल इंडिया जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। जैन यूथ फाउंडेशन के स्थापक ट्रस्टी हैं. मुंबई में कुछ महीने पूर्व आयोजित सहस्त्रावधान समारोह की कोर कमेटी के वे कन्वीनर थे।

# चेन्नई एयरपोर्ट पर अचानक प्लेन में लगी आग

## उठता धुआं देख मच गई अफरातफरी

**चेन्नई।** चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब दुबई जाने वाली एमिरेट्स की फ्लाइट में अचानक आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि प्लेन से धुआं उठ रहा है। बताया जा रहा है कि फ्लाइट उड़ने से पहले जब उसमें फ्यूल भरा जा रहा था तभी ये हादसा हुआ। ग्राउंड स्टाफ द्वारा शूट किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि प्लेन के पिछले हिस्से से सफेद धुएं का गुबार उठ रहा है। एयरपोर्ट स्टाफ बड़े ध्यान से इस आग को बुझाने की कोशिश कर रहा था। वीडियो में अग्निशमन कर्मी प्लेन के पिछले हिस्से पर पानी डालते नजर आ रहे हैं ताकि आग बुझाई जा सके।



इस घटना के बाद एमिरेट्स ने बयान दिया कि तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट EK547 देरी से रवाना हुई। एमिरेट्स ने कहा, चेन्नई से दुबई जाने वाली फ्लाइट EK547 में 24 सितंबर 2024 को तकनीकी खराबी की वजह से देरी हुई। इंजीनियरिंग जांच के बाद फ्लाइट को दुबई जाने की अनुमति दी गई। एमिरेट्स अपने यात्रियों से हुई असुविधा के लिए माफी मांगता है और हमारे यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सबसे ऊपर है।₹ इस घटना के बाद यात्रियों में काफी गुस्सा देखा गया। सतीश नाम के एक पैसेंजर ने एक्स पर लिखा, हमें बोर्डिंग के बाद प्लेन से उतार दिया गया और बिना वजह 50 मिनट तक बाहर खड़ा रखा गया।

## वैष्णो देवी जा रही ट्रेन के चिपके ब्रेक, मच गया हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में एक और रेल हादसा हुआ है। यहां से वैष्णो देवी जा रही ट्रेन में एकाएक चिंगारी उठी। ट्रेन के एक एसी कोच के नीचे चिंगारी निकली। कोच से चिंगारी निकलने के साथ ही धुआं निकलने लगा जिसे देख हड़कंप मच गया। नीचे से धुआं निकलता देख कोच के अंदर बैठे यात्री घबरा उठे और अफरातफरी सी मच गई। हालांकि ट्रेन उस समय बहुत धीमी गति से चल रही थी जिससे हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।


**महाराष्ट्र शासन**
सार्वजनिक बांधकाम विभाग
कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम पुणे विद्युत विभाग पुणे, यांचे कार्यालय
१ ला मजला, नविन मध्यवर्ती इमारत (विस्तारीत), पुणे - ४११००१
**दूरध्वनी** :- ०२० - २६१२६२५८ **email:** elpune.ee@mahapwd.gov.in

**निविदा सुचना क्र. २८ / २०२४-२०२५.**

कार्यकारी अभियंता सार्वजनिक बांधकाम पुणे विद्युत विभाग, पुणे हे महाराष्ट्र शासनाकडील अनुज्ञाप्तीधारक नोंदणीकृत किंवा अशा प्रकारच्या कामाचा अनुभव असणा-या ठेकेदारांकडून B-1 (Percentage Rate) नमुन्यातील निविदा मागवित आहे. निविदा कागदपत्रे शासनाच्या www.mahapwd.com वरील Pay PWD Online या पोर्टलवरून डाउनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा रद्द करण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम पुणे विद्युत विभाग, पुणे यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारली जाणार नाही. सदर निविदेत एकूणः-१६ कामे आहेत.

१. निविदा उपलब्ध कालावधी : दिनांक २६/०९/२०२४ ते दिनांक ०३/१०/२०२४
२. निविदा पुर्व बैठक व स्थळ : निरंक
३. निविदा उघडणे : दिनांक ०७/१०/२०२४ रोजी कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम पुणे विद्युत विभाग पुणे, यांचे कार्यालय १ ला मजला, नविन मध्यवर्ती इमारत (विस्तारीत), पुणे - ४११ ००१.
४. खालील संकेतस्थळावर निविदेची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.
www.mahapwd.gov.in

**सही**
**(शि.ल. मुंढे)**
**कार्यकारी अभियंता**
**सा.बां. पुणे विद्युत विभाग, पुणे**

**जिमाका/पुणे/जाहिरात/३०१/२०२४-२५**


## शराबी फूफा ने बच्ची से की दरिंदगी

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक थाना क्षेत्र में शराबी फूफा ने चार साल की बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म किया, उसके बाद हत्या कर शव झांड़ियों में फेंक दिया। वारदात 22 सितंबर की है। मामले में पुलिस ने आरोपी को यूपी पुलिस की मदद से यूपी के सीतापुर जिले से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी शराब पीने की आदी है। उसकी पत्नी और दो बच्चे नरेला इलाके में साले के यहां रहते हैं। आरोपी पत्नी और बच्चे को सीतापुर रहने के लिए बुला रहा था। लेकिन पत्नी उसकी शराब पीने की आदत से परेशान होकर नहीं आना चाहती थी।

# डीआरडीओ-आईआईटी ने तैयार की 'अभेद्य' बुलेटप्रूफ जैकेट

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने आईआईटी-दिल्ली के साथ मिलकर हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट 'अभेद्य' विकसित की है। जो जवानों को उच्चतम स्तर के खतरे से बचाकर रखेगी। यही नहीं ये स्पेशल बुलेटप्रूफ जैकेट जवानों को 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करेंगी। इन जैकटों के निर्माण के लिए कुछ भारतीय कंपनियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहायता के लिए चुना गया था। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर 'ABHED' (एडवांस्ड बैलिस्टिक्स फॉर हाई एनर्जी डिफेट) नाम से ये हल्के बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित किए हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से



जारी बयान में कहा गया है कि, जैकेटों को आईआईटी-दिल्ली स्थित डीआरडीओ इंडस्ट्री एकेडेमी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डीआईए-सीओई) में विकसित किया गया है। केंद्र ने कहा कि वह तीन उद्योगों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करने के लिए तैयार है। इन हल्की बुलेटप्रूफ जैकेटों का वजन बीआईएस लेवल 5 के तहत 8.2 किलोग्राम और बीआईएस लेवल 6 के तहत 9.5 किलो हैं। इन मॉड्यूलर-डिज़ाइन जैकेटों में आगे और पीछे कवच हैं जो 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करते हैं।


**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-Tender Notice**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors/agencies on Mahatransco E- Tendering website:** https://srmetender.mahatransco.in for following works.

**Tender No:- EE/400kV/RS/DN/LONIKAND-I/Tender/T-12/2024-25 DATE: 24.09.2024** (RE – Tender) **RFX No. 7000033603**

**Work:- RE-Tender( 3rd Call) for the work of Annual maintenance contract (AMC) for air conditioners at 400 kV R.S. (O&M) Dn Lonikand-I.**

**Tender Amount:-Rs. 5,00,000.00,EMD:-Rs. 5000.00,Tender Fees:- 500/- + 18% GST (non refundable)**

**Download of tender documents:-** from dtd. 25.09.2024,at 00:00 to dtd.01.10.2024 upto 23:59 Hrs. **Bid Opening:-** dtd. 03.10.2024 after 11:30 Hrs ( Tech Bid) dtd. 03.10.2024 after 14:30 Hrs (price Bid)

**For further details visit our website** https://srmetender.mahatransco.in and open **above RFX** for downloading tender document, schedules and annexures.


# आठ युवक-युवतियों की डूबने से हुई मौत

**औरंगाबाद।** संतानों के दीर्घायु होने की कामना से किए जाने वाले जीवितपुत्रिका (जिउतियां) व्रत के दिन बुधवार को दो अलग-अलग बड़े हादसे में 8 युवक युवतियों की डूबने से मौत हो गई। सभी मौतें नदी और पोखर में डूबने से हुई है। घटना औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड के कुशहा और बारुण के ईटहट की है। मृतकों में एक ही परिवार के पांच किशोर हैं, जिनमें दो सगी बहनें और तीन सगी बहनें शामिल है। मृतकों में कुशहा गांव निवासी उपेन्द्र यादव के पुत्र अंकज कुमार (8), वीरेंद्र यादव की पुत्री सोनाली कुमारी (13), युगल यादव की पुत्री नीलम कुमारी (12) और सरोज यादव की पुत्री राखी कुमारी उर्फ काजल कुमारी (12) शामिल है।

घटना के संबंध में लोगों का कहना है कि मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव में बच्चे अपनी माताओं के साथ तालाब में स्नान करने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वे डूबने लगे। उन्हें डूबते देख घाट पर स्नान कर रहे लोगों में कुछ लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। काफी कोशिश के बाद उन्हें किसी तरह बाहर निकाल कर मदनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उन चारों को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मदनपुर थाना की पुलिस मृतकों का पोस्टमार्टम कराने में जुटी है। यह घटना बुधवार को शाम पांच बजे की है।



घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि आहर गांव के पूरब तरफ करीब आधा किलोमीटर दूर है। आहर की जेसीबी से पिछले माह उड़ाही हुई थी, जिससे आहर काफी गहरा हो गया था और उसमें काफी पानी भरा हुआ था। जिउतिया के मौके पर कुछ महिलाएं नहाने के लिए गई थी। उनके साथ उनके बच्चे भी नहाने गए थे। नहाने के दौरान पहले एक बच्चा डूबने लगा, जिसे देखकर बचाने के लिए दूसरा बच्चा आहर में कूद गया लेकिन वह भी उसके साथ डूबने लगा।


**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
म्हाडा MHADA
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेली. नं. - 022-66405484, ई-मेल : eecityslum@gmail.com

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता (शहर) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), **कमरा नं. 539, 4थी मंजिल,** गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405484 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में **25** कार्यों के लिये खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक **तिथि 26.09.2024** को सुबह **10.05** बजे है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम **तिथि 03.10.2024** को सायं. **5.35** बजे तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial

**हस्ता./-**
**कार्यकारी अभियंता (शहर),**
**एम एस आई बी बोर्ड, मुंबई**

**सीपीआरओ/ए/747**

**म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था**



**पनवेल महानगरपालिका, पनवेल**

**ई-निविदा सूचना क्र : पमपा/उद्यान/५५२४/प्र.क्र. ०३/३८४/२०२४** **दिनांक : २५/०९/२०२४**

| अ. क्र. | कामाचे नाव | निविदा क्र. | दिलेल्या कामाची अंदाजपत्रकीय रक्कम ₹ | इसारा रक्कम रुपये | कामाचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | महाराष्ट्र सुवर्णजयंती नगरोत्थान महाअभियान (जिल्हा स्तर) २०२४- २५ योजने अंतर्गत पनवेल महानगरपालिका अखत्यारितील शहरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र नागरी आरोग्याशी निगडीत पायाभुत सुविधांचा विकास अंतर्गत Medicine Management System कार्यान्वित करणे. | PMC/Garden/07/ 2024-25 | ₹ १,७१,८५,६५०/- (GST विरहित) | १,७१,९००/- | |

या कामाच्या ई-निविदेबाबतची माहिती शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २५/०९/२०२४ रोजी प्रसिध्द करण्यात आली आहे. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

**सही/-**
**(डॉ. प्रशांत रसाळ)**
**अतिरिक्त आयुक्त - I,**
**पनवेल महानगरपालिका, पनवेल**